राजस्थान
Rajasthan

पोकरण में नकली घी का कारखाना पकड़ा, 900 किलो पाम ऑयल व 453 किलो घी जब्त

जैसलमेर : खाद्य सुरक्षा दल जैसलमेर और पोकरण पुलिस के सहयोग से पोकरण क्षेत्र में एक संदिग्ध घी निर्माण इकाई पर संयुक्त कार्रवाई की गई. कार्रवाई के दौरान पाया गया कि उक्त परिसर में विभिन्न ब्रांडों के नाम से घी तैयार कर पैकिंग एवं विक्रय का कार्य किया जा रहा था. निरीक्षण के दौरान 900 किलोग्राम पाम ऑयल, 453 किलोग्राम घी, विभिन्न ब्रांडों के लेबल, खाली टिन, पैकिंग सामग्री, ढक्कन, गैस टंकियां, भट्टी एवं पैकिंग मशीन बरामद कर जब्त की गई.

खाद्य सुरक्षा अधिकारी किशना राम कड़वासरा ने बताया कि 'शुद्ध आहार–मिलावट पर वार' अभियान के तहत जिले में मिलावटी एवं नकली खाद्य पदार्थों के निर्माण और विक्रय के विरुद्ध लगातार सघन अभियान चलाया जा रहा है. आमजन के स्वास्थ्य से खिलवाड़ करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई जारी रहेगी. प्रारंभिक जांच में कई ब्रांडों के नाम से घी तैयार कर बाजार में विक्रय किए जाने के संकेत मिले हैं. खाद्य सुरक्षा विभाग की ओर से आवश्यक नमूने लेकर जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे गए हैं.

Source: https://www.etvbharat.com/hi/state/factory-producing-adulterated-ghee-busted-in-pokaran-900-kg-of-palm-oil-and-453-kg-of-ghee-seized-rjs26062400884